# यूरिया को लेकर किसानों का चक्काजाम

## कांग्रेस ने प्रशासन से व्यवस्था बनाने की मांग

**छिंदवाड़ा, 18 अगस्त. पूरे जिले में यूरिया के लिए हाहाकार मचा हुआ है यूरिया वितरण केन्दों के बाहन किसानों की लंबी कतारें देखी जा रही है. पिछले एक माह से किसान यूरिया के लिए परेशान हो रहे हैं.**

सोमवार को परासिया रोड़ पर स्थित खाद वितरण केन्द्र में हजारों की संख्या में किसान पहुंच गए. किसानों को यूरिया नही मिलने से नाराज किसानों ने परासिया छिंदवाड़ा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया और प्रति किसान पांच बोरी युरिया देने की मांग करते रहे. वही कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे , परासिया विधायक सोहन बाल्मिकि और नगर निगम अध्यक्ष सोनू मांगो भी किसानों के सर्मथन में वहां पहुंचे और



अधिकारियों से किसानों के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग की. बता दे कि पिछले एक माह से पूर्व से पूरे जिले में यूरिया के लिए हहाकार मचा हुआ है. किसानों को पर्याप्त यूरिया नहीं मिल पा रही है जिसके चलते आए दिन तहसील स्तर पर भी किसानों के द्वारा चक्काजाम और हंगामा करने की बात समने आ रही है. सोमवार भी परासिया रोड़ स्थित यूरिया वितरण केन्द्र में लगभग दो हाजार किसान यूरिया लेने के लिए पहुंच गए. लेकिन यूरिया वितरण केन्द्र में किसानों के लिए व्यवस्थाएं नही होने पर किसान भड़क गए और किसानों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया. किसान प्रशासन ने प्रति व्यक्ति पांच बोरी यूरिया दिलाने की मांग करते रहे.

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष, विधायक, ननि अध्यक्ष पहुंचे

इधर सूचना मिलने के बाद नगर निगम अध्यक्ष सोनू मांगो अपने सामर्थकों के साथ वहां पहुंचे और किसानों का समर्थन कर अधिकारियों से चार्चा की, मांगो ने अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह और एसडीएम सुधीर जैन से चर्चा कर किसानों के लिए पर्याप्त यूरिया की व्यवस्था करने की मांग की. वही कुछ देर बाद वहां पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे और परासिया विधायक सोहन बाल्मिक साहित अन्य कांग्रेस किसान नेता भी वहां पहुंच गए. सभी पदाधिकारियों ने किसानों को यूरिया मिल सके इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा की और प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लिया. कांग्रेस के पदाधिकरयों ने कहा कि प्रशासन और भाजपा के नेताओं ने पिछले एक महीने में कई ऐसे बयान जारी किए जिसमें उन्होंने कहा कि यूरिया की कहीं कमी नहीं है. लेकिन हकीकत सड़क पर नजर आई, एक महीने से हजारों किसान विक्रय केद्रों के बाहर खड़े नजर आ रहे है. भाजपा सरकार किसानों के लिए पर्याप्त यूरिया की व्यवस्था करने में नाकाम साबित हो रही है.

# बैकलॉग पदों की नियुक्तियां याचिका के अधीन

**पीएससी सहित अन्य से जवाब तलब**

**जबलपुर, 18 अगस्त. मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर उच्च शिक्षा विभाग की भर्ती में ओबीसी के बैकलॉग पदों में हेराफेरी का आरोप लगाया गया है. जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने अंतरिम आदेश के तहत कहा कि यदि कोई नियुक्ति की जाती है तो वो इस याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन होगी.**

एकलपीठ ने मामले में राज्य सरकार व मप्र लोक सेवा आयोग को जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर को निर्धारित की है.

दरअसल, यह मामला सागर निवासी लीलाधर लोधी, दीपक सिंह ठाकुर, इंदौर निवासी शुभम



चौधरी, प्रेमलता, बालाघाट निवासी खुशबू चौरसिया व अन्य की ओर से दायर किया गया है. जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व हितेंद्र गोहलानी ने पक्ष रखा. उन्होंने बताया कि आयोग ने 30 दिसंबर 2024 को उच्च शिक्षा विभाग में अंग्रेजी विषय में सहायक प्राध्यापकों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया. इसमें 2019 के पूर्व के अंग्रेजी विषय में ओबीसी वर्ग के कुल 31 बैकलॉग पदों को शामिल किया गया है.

### यह दी दलील

दलील दी गई कि आयोग ने 30 दिसंबर 2022 को अंग्रेजी विषय में सहायक प्राध्यापक के कुल 200 पद विज्ञापित किए थे. उसमें ओबीसी के बैकलॉग पद विज्ञापित नहीं किए गए थे. उसकी नियुक्ति प्रक्रिया अभी जारी है. याचिकाकर्ता उक्त 2022 की भर्ती परिक्षा में शामिल हुए थे, लेकिन उनको साक्षात्कार में कम अंक देकर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. इसके अलावा कई ओबीसी के अभ्यर्थियों को 13 फीसदी में होल्ड भी कर दिया गया है. जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये.

## गड्डे में उतरीं दो बहनों की डूबने से मौत

**इंदौर.** सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम चिमली में दर्दनाक हादसा हो गया. पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में तीन सगी बहनें खेलते-खेलते उतर गईं. इनमें से दो मासूम बहनों की डूबने से मौत हो गई, जबकि तीसरी को ग्रामीणों ने समय रहते बाहर निकालकर बचा लिया. घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है. भगवानलाल चौहान की तीन बेटियां बस्कन्या, अनुष्का और एक अन्य बहन घर के पास खेल रही थीं. इसी दौरान वे पुलिया निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा खोदे गए गहरे गड्ढे में उतर गईं. गड्ढे में बारिश का पानी भरा हुआ था. कुछ देर बाद आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े और बच्चियों को बाहर निकाला.

# अभी हो रही बारिश किसानों के लिए अमृत

**बागली, 18 अगस्त. विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 20 इंच वर्षा कम हो पाई है जबकि मानसून का आधा समय निकल चुका है.**

ऐसी स्थिति में किसानों को आगामी फसल तो दूर की बात वर्तमान फसल की चिंता सताने लगी थी. लेकिन विगत तीन दिनों से पूरे क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही वर्षा के कारण किसानों के चेहरे खिल गए हैं और वह फसलों के लिए इस बारिश के गिरने से बेहतर उत्पादन की बात कर रहे हैं. वर्तमान में सोयाबीन फसल फूल एवं फली आने वाली स्थिति में आ गई है. इसलिए पानी की लंबी खिंच से किसान चिंतित हो रहे थे. अगर कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक



अशोक कुमार दीक्षित अल्प यात्रा पर बागली क्षेत्र में आए उन्होंने फसलों को देखकर कहा कि संकट की घड़ी अब टल चुकी है सप्ताह भर में सभी सोयाबीन फसलों में फली आने लग जाएगी. हालांकि मानसून की अभी भी तकरार है विगत वर्ष की तुलना में मालवा क्षेत्र में 20 इंच वर्षा कम बताई जा रही है अगस्त के दूसरे सप्ताह में विगत वर्ष 35 इंच बारिश हो चुकी थी. जो वर्तमान में 12 से 13 इंच ही हो पाई है. वरिष्ठ किसान बता रहे हैं कि वर्तमान में हो रही बारिश फसलों के लिए अमृत वर्षा के समान है. अभी तक नदी नाले बहने नहीं लगे हैं. जिसके चलते आगामी फसलों की भी चिंता हो रही है.

# फैक्ट्री पर छापा, नकली तेल व पैकेजिंग जब्त

**अनूपपुर, 18 अगस्त. पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी सुमित किरकेट्टा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की.**

यह कार्रवाई पतंजलि फूड्स लिमिटेड की ओर से की गई शिकायत पर की गई, जिसमें कंपनी के मशहूर खाद्य तेल ब्रांड महाकोष की हूबहू नकल कर महादेवम नाम से तेल बेचे जाने का आरोप था. पतंजलि कंपनी के लीगल एडवाइजर नवकार एसोसिएट्स की तरफ से अधिवक्ता नम्रता जैन और विजय



सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अनूपपुर निवासी संजीव गोयल द्वारा संचालित बृजधाम ट्रेडर्स महादेवम ब्रांड से ऐसा तेल बाजार में बेच रही है, जिसकी पैकेजिंग और ब्रांडिंग महाकोष जैसी ही है. इससे ग्राहकों को धोखा हो रहा था.छापे में बड़ी मात्रा में महादेवम ब्रांड के तेल के पैकेट, लेबल और पैकेजिंग सामग्री जब्त की गई. प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि फैक्ट्री में पतंजलि फूड्स के ट्रेडमार्क और कॉपीराइट का उल्लंघन कर नकली उत्पाद तैयार किए जा रहे थे. अदालत के आदेश पर मौके से जब्त सभी माल को सील कर दिया गया.

### दिल्ली कोर्ट के आदेश पर छापा

पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने इस मामले को दिल्ली वाणिज्यिक न्यायालय में दर्ज कराया. अदालत ने शिकायत को गंभीर मानते हुए लोकल कमिश्नर सिमरपाल सिंह की नियुक्ति की. वे 18 अगस्त को अनूपपुर पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन, सहायक उप निरीक्षक पवन प्रजापति और प्रधान आरक्षक विनय बैस की मदद से बृजधाम ट्रेडर्स की फैक्ट्री पर छापा मारा.

# मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में दो की मौत

**सरई थाना क्षेत्र के बकहुल सड़क मार्ग में हुआ हादसा**

**सिंगरौली 18 अगस्त. सरई थाना क्षेत्र के बकहुल सड़क मार्ग में आज दिन सोमवार की दोपहर करीब 2:30 दो मोटरसाइकिलो की हुई आमने-सामने भिड़ंत में दोनों वाहन के चालको की दर्दनाक मौत हो गई. जहां गांव में मातम पसर गया है.**

तिनगुड़ी पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 2:30 बजे दो मोटरसाइकिल चालक आपस में आमने-सामने भीड़ गये. जहां मोटरसाइकिल में सवार चालक लालशाय सिंह एवं पप्पू सिंह की



मौत हो गई. पुलिस ने बताया है कि पप्पू सिंह पिता जगन्नाथ सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी सिलप थाना बरगवां मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने किसी रिस्तेदार के यहां से घर जा रहा था. वहीं सरई थाना क्षेत्र के ग्राम खनुआ निवासी लालशाय सिंह पिता धनशाह सिंह उम्र 27 वर्ष अपने घर से गजराबहरा की ओर जा रहा था कि बकहुल जंगल की मुख्य मार्ग में दोनों मोटरसाइकिलों की सीधी भिड़ंत हो गई. घटना स्थल पर लालशाह दम तोड़ा था. जबकि पप्पू सिंह उपचार के दौरान दम तोड़ दिया. इधर घटना की खबर मिलते ही मौके पर तिनगुड़ी पुलिस एवं मृतक एवं घायलों के परिजन पहुंच गये. घटनास्थल मंजर को देख सभी के रोंगटे खड़े हो गये. आलम यह था कि दोनों मोटरासाइकिलो के परखच्चे उड़ गये थे. पुलिस जहां घायल को अस्पताल रवाना की. वही एक शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया. आलम यह था कि दो युवको की दर्दनाक मौत से घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई.

# ग्रामीणों ने मनासा की सड़कों पर निकाली आक्रोश रैली

**मनासा, 18 अगस्त. जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सेमली ईस्तमुरार के सैकड़ों ग्रामीण और सर्व समाज के लोग सोमवार को मनासा नगर के मंदसौर नाके पर एकत्रित हुए, जहां से ये सभी हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर एक विशाल रैली के माध्यम से नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंचे, और यहां ग्रामीणों ने अपनी मांगो को लेकर अर्निनिश्चतकालीन धरना प्रदर्शन की शुरू कर दिया.**

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत सेमली ईस्तमुरार ग्रामीणों और यहां मौजूद सर्व समाज द्वारा लंबे समय से मोर की मृत्यु पर विस्तृत जांच, दशकों पुराने वृक्षों को काटने, तोड़े गए मंदिर/पथवारी के शिलालेख वापस कर पुन: निर्माण करने और मंदिर एवं पथवारी की जमीन एवं रास्ते की मांग करते हुए दोषियों पर भी उचित कार्यवाही की मांग कर रहे है.

लगातार ज्ञापन और आवेदन के माध्यम से शिकायत और मांग करने के बावजूद जब सुनवाई नहीं हुई, तो सैकड़ों ग्रामीणों और सर्व समाज में आक्रोश पनपा और ये सभी सोमवार को एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंचे. जहां इनके द्वारा सभी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया.

# ग्राम पातोंडा पुलिस लाइन मार्ग जर्जर

**आवागमन हुवा मुश्किल, संबधितों बने लापरवाह**



**बुरहानपुर, 18 अगस्त. ग्राम पातोन्डा मार्ग पर स्थित पुलिस लाइन और ग्राम पातोंडा से जोड़ने वाले इस रास्तों पर आधे से एक फिट के गड्ढे हो गए है. यह मार्ग आवागमन के लिए मुश्किल भरा होकर किसी दुर्धटना का कारण बन सकता है क्या संबधित इस और ध्यान देगें.**

बता दें कि ग्राम पातोन्डा मार्ग पर स्थित पुलिस लाइन और ग्राम पातोंडा से जोडने वाले इस मार्ग से सैकड़ो राहगीर अपने अपने साधनो से आवागमन करते है. जिनके वाहन रोज कचड और गडडो में फंस रहे है, ग्रामीणो और पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिसकर्मी और उनके परिजन को इससे भारी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है. जनता की सुरक्षा का दायित्व संभालने वालो के समक्ष भी यह समसया विकराल रूप से सामने खडी होकर चुन्नौती बन गई है.

पुलिस लाईन पातोंडा और ग्राम पातोंडा जाने वाले राहगीरों को आने जाने में जानमाल की हानी से भी इन्कार नही किया जा सकता है. छोटा अजमेर दरगाह से ग्राम पतोंडा जाने वाले रास्ते की पुलिया भी चौक हो गयी है. यह मार्ग अत्यधिक सकरा होने से पुलिया के ऊपर से होता भारी बहाव से ही दो पहिया एवं चार पहिया गुजरते हैं, कभी भी बड़ी घटना हो सकती है. चिंचाला पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं नगर निगम इस और ध्यान देवे.

# घर के बाहर खेल रहा मासूम लापता, पुलिस कर रही तलाश

**मुरैना, 18 अगस्त. माता बसैया थाना इलाके के ग्राम रसीलपुर में 7 वर्षीय बालक राज अचानक लापता हो गया. परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से कमजोर है. पुलिस उसकी तलाश में जुटी है.**

परिजनों ने बताया कि राज अपनी दादी के साथ घर के बाहर खेल रहा था. दादी नल से पानी भरने गयी और वापिस लौटकर देखा तो राज वहां पर नहीं था. परिजन और गांव वाले आस-पास की झाड़ियों, रास्तों और आसपास के इलाके में तलाशते रहे लेकिन कोई सुराग नहीं मिला और इसके बाद थाने पहुंचकर घटना की खबर दी गयी.

सूचना मिलने के बाद माता बसैया थाना पुलिस ने तत्काल ऑपरेशन मुस्कान के तहत राज की तलाश शुरू कर दी. पुलिस स्निफर डॉग की सहायता से आसपास के खेतों में तलाश कर रही है. तालाबों और जल भराव इलाकों की जांच के बाद एनडीआरएफ की टीम की तैनाती की गयी है.

हालांकि सोमवार शाम तक राज का कोई सुराग नहीं मिला है. माता बसैया थाना प्रभारी जयपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम मासूम की तलाश कर रही है. उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि किसी का राज या उसकी कोई जानकारी मिले तो तत्काल संपर्क करें.

# एमडी पाउडर बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



**सिवनी, 18 अगस्त. मध्य प्रदेश के सिवनी जिले की पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस पर नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए एमडी पाउडर की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया.**

इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से सात ग्राम एमडी पाउडर, एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. जब्त माल की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है. नगर पुलिस अधीक्षक पूजा पांडे ने सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक शिमाला प्रसाद के निर्देश पर गठित विशेष टीम को सूचना मिली थी. इसके बाद 15 अगस्त को नागपुर रोड स्थित खैरीटेक फॉरेस्ट बैरियर के पास एक युवक को मोटरसाइकिल सहित रोका गया.

तलाशी में उसके पास से सात ग्राम एमडी पाउडर मिला, जिसकी कीमत लगभग 70 हजार रुपये बताई गई. आरोपी की पहचान हर्षद उर्फ शनि (32), निवासी खवासा, जिला सिवनी के रूप में हुई.

पूछताछ में हर्षद ने बताया कि उसने यह नशा नागपुर निवासी आशिफ पठान से खरीदा है. इसके बाद पुलिस टीम ने नागपुर जाकर थाना कपीलनगर पुलिस की मदद से आशिफ शेख उर्फ मोहम्मद गौश पिता लाल खान पठान (35), निवासी टेका नाका, नागपुर को भी गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के अनुसार आशिफ के विरुद्ध नागपुर शहर के विभिन्न थानों में नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े आधा दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं. वही पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जहाँ से उन्हें रिमांड प्राप्त हुई है. पुलिस अब गिरोह के अन्य नेटवर्क की जांच कर रही है.

## अनरजिस्टड चिकित्सकों के क्लिनिक बंद किए

**खंडवा.** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंधाना के निर्देशन में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार व उनकी टीम ने सोमवार को विकासखण्ड पंधाना में अपंजीकृत चिकित्सकों द्वारा संचालित क्लिनिकों के विरुद्ध कार्यवाही की. डॉ. तंतवार ने बताया कि म.प्र. उपचर्यागृह तथा रुजोपचार संबंधी स्थापनाएं रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन अधिनियम, 1973 तथा नियम, 1997 तथा संशोधित अधिनियम, 2021 के तहत पंधाना में संचालित कमलेश सोनी तथा आशीष गंगराड़े के क्लिनिक बंद किये गये. इसके साथ ही ग्राम भीलखेड़ी में मोहन राठौड़ की क्लिनिक भी बंद कराकर नियमानुसार कार्यवाही की गई.

# छात्रावास से लापता पांच छात्राएं मैहर में मिली

**उमरिया, 18 अगस्त. मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में एक छात्रावास से अचानक गायब हुईं पांच छात्राएं मैहर जिले से बरामद हो गई हैं.**

बिरसिंहपुर पाली नगर के गिंजरी स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास से अचानक पांच छात्राओं के लापता होने की घटना ने जिले में सनसनी फैला दी थी. परिजन ने छात्रावास प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए, वहीं पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आया और तेजी से जांच शुरू कर दी. परिणामस्वरूप पांच छात्राओं को मैहर जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन से सकुशल वापस लाया जा रहा है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल और अन्य अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे. पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में विशेष जांच टीम गठित कर बच्चियों की तलाश तेज कर दी गई. प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को एक छात्रा की कॉपी से नोट मिला, जिसमें लिखा था, मैं कुछ बनना चाहती हूं, कमाने-खाने जा रही हूं. यही पंक्तियाँ पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सुराग बनीं और तलाश का दायरा बढ़ा दिया गया. पुलिस ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया, सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संभावित ठिकानों पर दबिश दी. नतीजतन, सभी पांचों छात्राओं को कल रात मैहर स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया.

**6 रूपों में दर्शन** ▶ **मंदिर प्रांगण में ड्रोन से व रामघाट पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा, लाखों श्रद्धालु उमड़े**

# बारिश में निकली महाकाल की राजसी सवारी

**उज्जैन, 18 अगस्त. सोमवार को भगवान महाकाल की राजसी सवारी भादौ की तेज बारिश के बीच निकली. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सवारी में शामिल हुए. उन्होंने महाकाल मंदिर पहुंचकर पूजन किया. सवारी में डमरू बजाते हुए पैदल शामिल हुए. राजाधिराज महाकाल ने लाखों भक्तों को 6 रूपों में दिव्य दर्शन देकर अभिभूत किया. शिप्रा के रामघाट पर हेलीकॉप्टर से सवारी पर पुष्प वर्षा की गई.**

सवारी मार्ग पर कई घंटों पहले से लोग बाबा महाकाल की



एक झलक पाने के लिए खड़े थे. जैसे ही पालकी आई जय महाकाल के उद्घोष से संपूर्ण मार्ग गूंज उठा. सवारी शुरू होने से पहले ही मार्ग में भजन मंडलियां डीजे, ढोल व बैंड के साथ झूमते-गाते हुए निकलने लगी. सवारी में साधु, संत, आम भक्त से लेकर पंडे-पुजारी सब भगवान महाकाल की भक्ति में लीन होकर निकले.

पुजारियों ने चंद्रमौलेश्वर की मुख्य प्रतिमा को चांदी की पालकी में विराजित कर कहारों ने पालकी उठाई और जयकारों के बीच मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंची जहां सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर महाकाल को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया. श्रावण-भादौ मास की यह छठी सवारी होने से महाकाल ने छ: रूपों में दर्शन दिए.

बाबा की पालकी मंदिर से निकलती इसके पहले ही इंद्र देवता ने स्वागत करते हुए तेज बारिश शुरू कर दी और राजाधिराज के लिए संपूर्ण मार्ग की पानी से धुलाई की. हजारों-लाखों भक्तों ने भी मार्ग में भीगते हुए ही राजसी सवारी का आनंद लिया. मंदिर के सभामंडप में दोपहर करीब साढ़े 3 बजे शासकीय पुजारी घनश्याम गुरु ने मंत्रोच्चार कर पूजन शुरू कराया. प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल भी पूजन में शामिल हुए.

# महिला ने सोन नदी पुल से लगाई छलांग

**महिला के छलांग लगाने का वीडियो वायरल**

**सीधी, 18 अगस्त. जिले के बहरी-अमिलिया मार्ग में निर्माणाधीन सोन नदी के जोगदहा पुल से आज एक महिला के छलांग लगाने का वीडियो सोशल मीडिया में तेज से वायरल हुआ.**

दरअसल महिला पुल के ऊपर अकेले ही खड़े होकर छलांग लगाने की तैयारी में जुटी थी, कुछ लोगों की निगाहें नीचे से पड़ी और उनके द्वारा आवाज लगाकर उसको रोकने का प्रयास भी किया गया. किन्तु महिला ने पुल के ऊपर से छलांग लगा दी. जिस स्थान पर महिला गिरी वहां सोन नदी में पानी काफी कम था जिसके चलते वह



गंभीर रूप से घायल हो गई. लोगों की सूचना पर डायल 100 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को पानी से बाहर निकलवाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमिलिया पहुंचाया. यहां प्राथमिक उपचार के पश्चात महिला की हालत को देखते हुये उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. थाना प्रभारी राकेश वैस ने बताया कि महिला के सोन नदी नई पुल से छलांग लगाने की सूचना मिलने पर डायल 100 पुलिस मौके पर पहुंची. महिला को नदी से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिये अमिलिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है. महिला की पहचान पुष्पा सिंह गोंड पति गंगा सिंह गोंड उम्र 35 वर्ष निवासी हनुमना जिला मऊगंज के रूप में हुई है.